# अध्याय - 6 | विनिर्माण उद्योग

## QUIZ-01

1. **निम्नलिखित में से कौन-सी कृषि-आधारित (Agro-based) उद्योग है?**

A. सीमेंट B. लोहा और इस्पात

C. जूट वस्त्र D. पेट्रोकेमिकल (C)

***व्याख्या:*** जूट वस्त्र उद्योग कृषि कच्चे माल पर आधारित होता है।

2. **निम्नलिखित में से कौन-सी एक मूल/मुख्य (Basic) उद्योग है?**

A. कागज़ B. चीनी

C. लोहा और इस्पात D. खाद्य तेल (C)

***व्याख्या:*** लोहा और इस्पात उद्योग अन्य उद्योगों के लिए कच्चा माल प्रदान करता है।

3. **भारत में सबसे अधिक चीनी मिलें किस राज्य में हैं?**

A. तमिलनाडु B. उत्तर प्रदेश

C. महाराष्ट्र D. गुजरात (B)

***व्याख्या:*** उत्तर प्रदेश और बिहार में 60% चीनी मिलें स्थित हैं, जिनमें यूपी सबसे आगे है।

4. **किस उद्योग में मुख्य कच्चे माल के रूप में बॉक्साइट का उपयोग होता है?**

A. इस्पात B. कागज़

C. एल्युमीनियम गलन D. सीमेंट (C)

***व्याख्या:*** एल्युमीनियम बॉक्साइट से प्राप्त किया जाता है।

5. **सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक उद्योग किस क्षेत्र में आते हैं?**

A. प्राथमिक B. द्वितीयक

C. तृतीयक D. चतुर्थक (C)

***व्याख्या:*** ये उद्योग सेवा क्षेत्र यानी तृतीयक क्षेत्र में आते हैं।

6. **'सुनहरा रेशा' किस तंतु को कहा जाता है?**

A. कपास B. जूट

C. ऊन D. रेशम (B)

***व्याख्या:*** जूट को उसकी सुनहरी चमक के कारण 'Golden Fibre' कहा जाता है।

7. **भारत में लोहा और इस्पात उद्योग का प्रमुख क्षेत्र कौन-सा है?**

A. इंडो-गैंगेटिक मैदान B. दक्कन का पठार

C. छोटानागपुर पठार D. मालवा पठार (C)

***व्याख्या:*** छोटानागपुर पठार में कच्चे माल की प्रचुरता और श्रम सुलभता है।

8. **भारत का 'इलेक्ट्रॉनिक राजधानी' कौन-सा शहर है?**

A. मुंबई B. हैदराबाद

C. बेंगलुरु D. पुणे (C)

***व्याख्या:*** बेंगलुरु को भारत का इलेक्ट्रॉनिक और आईटी केंद्र माना जाता है।

9. **जल निकायों में तापीय प्रदूषण का मुख्य कारण क्या है?**

A. तेल का रिसाव B. ठोस कचरा

C. उद्योगों से गर्म पानी का प्रवाह D. प्लास्टिक अपशिष्ट (C)

***व्याख्या:*** उद्योगों और तापीय संयंत्रों से बिना ठंडा किए गर्म पानी नदियों में बहा दिया जाता है।

10. **औद्योगिक अपशिष्ट के उपचार की पहली प्रक्रिया क्या है?**

A. अवसादन B. तृतीयक उपचार

C. यांत्रिक स्क्रीनिंग और ग्राइंडिंग D. रासायनिक छानना (C)

***व्याख्या:*** प्राथमिक उपचार में यांत्रिक विधियाँ जैसे स्क्रीनिंग और ग्राइंडिंग शामिल होती हैं।

DESH KA APNA SCHOOL